| | - सूक्ष्म और लघ् उपक्रमों को देय | | - | |
| | - सुक्ष्म और लघु उपक्रमों से इतर अन्य कुल बकाया देय | | - | |
| | (iii) अन्य वित्तीय परिसंपतियां | | - | |
| | (ख) प्रावधान | | - | |
| | (ग) अन्य गैर चालू देयताएं | | - | |
| | **कुल गैर चालू देयताऐ** | | | - |
| (ii) | चालू देयताएं | | | |
| | (क) वित्तीय देयताएं | 10 | | |
| | (i) व्यापार देय | 10.1 | | |
| | - सूक्ष्म और लघ् उपक्रमों को देय | | - | |
| | - सुक्ष्म और लघु उपक्रमों से इतर अन्य कुल बकाया देय | | 3,666,611 | |
| | (ii) अन्य वित्तीय देयताएं | 10.2 | 31,000 | |
| | (ख) अन्य चालू देयताएं | 11 | 46,491 | |
| | (ग) प्रावधान | | - | |
| | (घ) चालू कर देयता (निवल) | 11.1 | 337,967 | |
| | **कुल चालू देयताएं** | | | 4,082,069 |
| | **कूल इक्विटी एवं देयताएं** | | | **64,581,100** |
| III. | महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सार | 1 - 2 | | |
| IV. | वित्तीय विवरणों के भाग के रूप में नोट | 3 - 32 | | - |

**हमारी इसी तारीखा की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार**

**इरकॉन वडोदरा किम एक्सप्रेसवे लिमिटेड**
**के निदेशक मंडल के निमित्त और की ओर से**

**कृते एन सी राज एंड एसोसिएट्स**
**सनदी लेखाकार**
**एफआरएन:002491**

**दीपक सबलोक**
**निदेशक**
**डीआईएन 03056457**

**आनन्द कुमार सिंह**
**निदेशक**
**डीआईएन: 07018776**

**अशोक कुमार गोयल**
**निदेशक**
**डीआईएन: 05308809**

**राहुल गोयल**
**साझेदार**
**स.सं093114**

**स्थान: नई दिल्ली**
**दिनांक : 02.05.2019**

**बी बी सिंह**
**मुख्य कार्यपालक अधिकारी**

**राज कुमार**
**मुख्य वित्त अधिकारी**

**सुदोधनी**
**कंपनी सचिव**

# इरकॉन वडोदरा किम एक्सप्रेसवे लिमिटेड

**सीआईएन - U74999DL2018GOI334028**

**16.05.2018 से 31.03.2019 तक की अवधि हेतु लाभ और हानि विवरण**

**राशि रूपए में**

| | विवरण | नोट सं. | 16.05.2018 से 31.03.2019 तक की अवधि हेतु |
|---|---|---|---|
| I. | **राजस्व :** | | |
| | प्रचालनों से राजस्व | 12 | 10,084,737 |
| II. | अन्य आय | 13 | 674,367 |
| III. | **कुल आय (I + II)** | | 10,759,104 |
| IV. | व्ययः | | |
| | प्रयुक्त सामग्री और भंडारण | 14 (i) | - |
| | डब्ल्यूआईपी में (वृद्धि)/कमी | 14 (ii) | - |
| | परियोजना व्यय | 14 (iii) | 3,254,236 |
| | कर्मचारी लाभ व्यय | 15 | 4,382,027 |
| | वित्तीय लागते | 16 | 1,414,674 |
| | मूल्यह्रास परिशोधन एवं हानि | 17 | 1,315 |
| | प्राथमिक व्यय | | 1,032,485 |
| | एकीकृत संयुक्त प्रचालनों में व्यय का आनुपातिक भाग | | - |
| | **कुल व्यय (V)** | | 10,084,737 |
| V. | आपवादिम मदों तथा कर पश्चात लाभ/हानि (III - IV) | | 674,367 |
| VI. | आपवादिक मदें | | - |
| VII. | करपूर्व लाभ/हानि (V - VI) | | 674,367 |
| VIII. | कर व्ययः | | |
| | (1) चालू कर | | |
| | - वर्ष हेतु | 11.1 | 385,755 |
| | - पूर्ववर्ती वर्षों हेतु (निवल) | | - |
| | (2) आस्थगति कर (निवल) | 5 | (210,419) |
| | कुल कर व्यय | | 175,336 |
| IX | **निरंतर प्रचालनों से अवधि हेतु लाभ/हानि (VII - VIII)** | | **499,031** |
| X | **अन्य वृहत आय** | | |
| | **क.** (i) मदें जिन्हें लाभ और हानि में वर्गीकृत नहीं किया जाएगा | | - |
| | (ii) आयकर संबंधी मदें जिन्हें लाभ और हानि में पुनःवर्गीकृत नहीं किया जाएगा | | - |
| | **ख.** (i) मदें जिन्हें लाभ और हानि में वर्गीकृत किया जाएगा | | - |
| | (ii) आयकर संबंधी मदें जिन्हें लाभ और हानि में पूनःवर्गीकृत किया जाएगा | | - |
| XI | **अवधि के लिए कुल वृहत आय (IX +X) (जिसमें अवधि हेतु लाभ (हानि) और अन्य वृहत आय शामिल हैं)** | | **499,031** |
| XII | प्रति शेयर प्रति आमदनी (निरंतर प्रचालनों हेतु) | | |
| | (1) मूल | | 0.28 |
| | (2) विलायत | | 0.28 |
| XIII | महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सार | 1 - 2 | |
| XIV | वित्तीय विवरणों के भाग के रूप में नोट | 3 -32 | |

**हमारी इसी तारीखा की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार**

**इरकॉन वडोदरा किम एक्सप्रेसवे लिमिटेड**
**के निदेशक मंडल के निमित्त और की ओर से**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **कृते एन सी राज एंड एसोसिएट्स** | **दीपक सबलोक** | **आनन्द कुमार सिंह** | **अशोक कुमार गोयल** |
| **सनदी लेखाकार** | **निदेशक** | **निदेशक** | **निदेशक** |
| **एफआरएन:002491** | **डीआईएन 03056457** | **डीआईएन: 07018776** | **डीआईएन: 05308809** |

**राहुल गोयल**
**साझेदार**
**स.सं093114**
**स्थानः नई दिल्ली**
**दिनांक : 02.05.2019**

| | | |
|---|---|---|
| **बी बी सिंह** | **राज कुमार** | **सुदोधनी** |
| **मुख्य कार्यपालक अधिकारी** | **मुख्य वित्त अधिकारी** | **कंपनी सचिव** |

**इरकॉन वडोदरा किम एक्सप्रेसवे लिमिटेड**
**सीआईएन - U74999DL2018GOI334028**
**16.05.2018 से 31.03.2019 तक की अवधि हेतु रोकड़ प्रवाह विवरण**

राशि रूपए में

| विवरण | | 31 मार्च 2019 को |
|---|---|---|
| प्रचालन गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह | | |
| **कराधान पश्चात निवल लाभ** | | 674,367 |
| समायोजन | | |
| विदेशी प्रचालनों के अंतरण पर विनिमय अंतर | | - |
| निर्धारित लाभ योजना के पुनर्मापन पर बांमांकक लाभ/ (हानि) | | - |
| मूल्यह्रास परिशोधन तथा हानि | | 1,315 |
| परिसंपत्तियों की बिक्री पर लाभ (निवल) | | - |
| निवेशों की बिक्री पर लाभ | | - |
| ब्याज आय | | (503,749) |
| लाभांश आय | | - |
| विदेशी मुद्रा रोकड एव रांकड़ समतुल्य अंतरण पर विनिमय अंतर | | - |
| **कार्यशील पूंजी परिवर्तन पूर्व लाभ** | **(1)** | **171,933** |
| **समायोजन:** | | |
| व्यापार प्राप्य/वित्तीय परिसंपत्ति - ऋणों व अग्रिमों में कमी / (वृद्धि) | | (134,000) |
| दर सूचियों में कमी / (वृद्धि) | | - |
| अन्य परिसंपत्तियों एवं वित्तीय परिसंपत्तियों में कमी / (वृद्धि) | | (25,022,459) |
| व्यापार देयताओं में कमी / (वृद्धि) | | 3,666,611 |
| अन्य देयताओं वित्तीय देयताओं और प्रावधानों में कमी / (वृद्धि) | | 77,491 |
| | **(2)** | **(21,412,357)** |
| **प्रचालन से अर्जित रोकड़** | **(1+2)** | **(21,240,424)** |
| प्रदात्त आयकर | | (47,788) |
| **प्रचालनिक गतिविधियों से निवल रोकड़** | **(क)** | **(21,288,212)** |
| **निवेश गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह** | | |
| सीडब्यूआईसी सहित परिसंपत्ति , संयंत्र और मशीनरी की बिक्री | | (60,000) |
| प्राप्त ब्याज | | 375,160 |
| **निवेश गतिविधियों से निवल रोकड** | **(ख)** | **315,160** |
| **वित्तीय गतिविधियों से निवल रोकड़** | | |
| इक्विटी शेयर पूंजी जारी करना | | 60,000,000 |
| **वित्तीय गतिविधियों से निवल रोकड़** | **(ग)** | **60,000,000** |
| विदेशी मुद्रा रोकड़ और रोकड़ समतुल्य में रूपांतरण पर विनिमय अंतर का प्रभाव | **(घ)** | **-** |
| **रोकड़ एवं रोकड़ समतुन्य से निवल कम** | **(क+ख+ग+घ)** | **39,026,948** |
| **रोकड़ एवं रोकड़ समतुन्य (आरंभिक)** | **(ड.)** | **-** |
| **रोकड़ एवं रोकड़ समतुन्य (अंतिम)** | **(च)** | **39,026,948** |
| **रोकड़ एवं रोकड़ समतुन्य से निवल वृद्धि(कम)** | **(च -ड.E)** | **39,026,948** |

**नोट:**

1. 01 अप्रैल 2017 से, कंपनी ने इंड एएस 7 में संशोधन को स्वीधकार किया है, जिसमें संस्थाओं को ऐसे प्रकटन करने की आवश्यकता होती है जो वित्तीय विवरणों के उपयोगकर्ताओं को वित्तीय गतिविधियों से उत्पन्न होने वाली देनदारियों में परिवर्तन का मूल्यांकन करने में सक्षम बनाते हैं, जिसमें रोकड़ प्रवाह और गैर रोकड़ परिवर्तन शामिल हैं। प्रकटन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए वित्तपोषण गतिविधियों से उत्पन्न होने वाली देनदारियों के लिए तुलन पत्र में आरंभिक और समापन शेष के बीच एक सामंजस्य को शामिल करने से इस संशोधन को अपनाने से वित्तीय विवरणों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

2. रोकड़ के आउटफ्लो को प्रकोष्ठ में दर्शाया गया है। -

हमारी इसी तारीखा की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

इरकॉन वडोदरा किम एक्सप्रेसवे लिमिटेड
के निदेशक मंडल के निमित्त और की ओर से

कृते एन सी राज एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआरएन:002491

दीपक सबलोक
निदेशक
डीआईएन 03056457

आनन्द कुमार सिंह
निदेशक
डीआईएन: 07018776

अशोक कुमार गोयल
निदेशक
डीआईएन: 05308809

राहुल गोयल
साझेदार
स.सं093114
स्थान: नई दिल्ली
दिनांक : 02.05.2019

बी बी सिंह
मुख्य कार्यपालक अधिकारी

राज कुमार
मुख्य वित्त अधिकारी

सुदोधनी
कंपनी सचिव

# इक्विटी परिवर्तन विवरण

**इरकॉन वडोदरा किम एक्सप्रेसवे लिमिटेड**
**31 मार्च 2019 को इक्विटी परिवर्तन विवरण**

**(रूपए में)**

| **क. इक्विटी शेयर पूंजी** | **31 मार्च 2018 को शेष** | **वर्ष के दौरान जारी शेयर** | **वर्ष के दौरान शेयर बायबैक** | **31 मार्च 2019 को शेष** |
|---|---|---|---|---|
| | 0 | 60,000,000 | - | **60,000,000** |

**ख. अन्य इक्विटी**

| **विवरण** | **आरक्षित निधि एवं अतिरेक** | | | **अन्य वृहत आय की मदें** | **कुल** |
|---|---|---|---|---|---|
| | **सामान्य आरक्षित निधि** | **प्रतिधारित आमदनी** | **पूंजी रिडेम्पशन आरक्षितनिधि** | **विदेशी प्रचालनों के वित्तीय विवरणों के रूपांतरण पर विनिमय अंतर** | |
| **01 अप्रैल 2018 को शेष** | **-** | **0** | **-** | **0** | **0** |
| लेखांकन नीति एंव पूर्व अवधि त्रुटियों में परिवर्तन | | | | | - |
| **रिपोर्टिंग अवधि के आरंभ में शेष की पुन:बहाली** | **-** | **-** | **-** | **-** | **-** |
| वर्ष हेतु लाभ | | 499,031 | | | 499,031 |
| **अन्य वृहत आय** | | | | | |
| निर्धारित लाभ योजना का पुनर्मापन | | - | | | - |
| विदेशी मुद्रा परिवर्तन अंतर | | | | 0 | - |
| **अवधि हेतु कुल वृहत आय** | **-** | **499,031** | **-** | **0** | **499,031** |
| इक्विटी शेयरों का बायबैक | | | | | - |
| घटा: प्राधिकृत पूंजी में वृहद्धहेतु शुल्क का भुगतान | | - | | | - |
| घटा: शेयरों के बायबैक का भुगतान | | - | | | - |
| घटा: प्रदत्त लाभांश | | - | | | - |
| घटा: लाभांश संवितरण कर | | - | | | - |
| घटा: बोनस इश्यु | | - | | | - |
| **31 मार्च 2019 को शेष** | **-** | **499,031** | **-** | **0** | **499,031** |

**हमारी इसी तारीखा की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार**

**इरकॉन वडोदरा किम एक्सप्रेसवे लिमिटेड**
**के निदेशक मंडल के निमित्त और की ओर से**

**कृते एन सी राज एंड एसोसिएट्स**
**सनदी लेखाकार**
**एफआरएन:002491**

**दीपक सबलोक**
**निदेशक**
**डीआईएन 03056457**

**आनन्द कुमार सिंह**
**निदेशक**
**डीआईएन: 07018776**

**अशोक कुमार गोयल**
**निदेशक**
**डीआईएन: 05308809**

**राहुल गोयल**
**साझेदार**
**स.सं093114**
**स्थान: नई दिल्ली**
**दिनांक : 02.05.2019**

**बी बी सिंह**
**मुख्य कार्यपालक अधिकारी**

**राज कुमार**
**मुख्य वित्त अधिकारी**

**सुदोधनी**
**कंपनी सचिव**

**वित्तीय विवरणों के नोट**

**1. कंपनी का परिचय**

इरकॉन वडोदरा किम एक्सप्रेसवे लिमिटेड (इरकॉन वीकेईएल**)** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड **(**इरकॉन**)** की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है और यह कंपनी भारत में स्थित है । इरकॉन वीकेईएल **(**सीआईएन **U**74999**DL**2018**GOI**33402) का निगमन भारत में लागू कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के तहत किया गया है। कंपनी उस समय अस्तित्व में आई जब **"**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई**I)** द्वारा रियायत समझौते में नियमों और शर्तों के अनुसार इरकॉन को गुजरात राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-3 के चरण- **VI** के तहत हाइब्रिड वार्षिकी मोड (चरण **Iक-** पैकेज **II)** के तहत किमी 323.00 से किमी 355.00 तक (वडोदरा मुंबई एक्सप्रेसवे के सपना से पेद्रा खंड तक) का आठ लेन वाला वडोदरा किम एक्सप्रेसवे का काम सौंपा गया था। । "अनुरोध प्रस्ताव" के प्रावधानों के अनुसार, चयनित बोलीदाता 'इरकॉन' ने दिनाक 16 मई, 2018 को शामिल इरकॉन की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में इरकॉन वडोदरा किम एक्सप्रेसवे लिमिटेड के नाम से एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) का गठन किया है। तदनुसार, इरकॉनवीकेईएल 1865 करोड़ परियोजना मूल्य की राशि के लिए 25 मई, 2018 को एनएचएआई के साथ रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। रियायत की अवधि एनएचएआई द्वारा अधिसूचित अनुसार नियत तारीख से शुरू होने वाली 730 दिन है अर्थात दिनांक 31 जनवरी, 2019 को । कंपनी का पंजीकृत कार्यालय **C-**4, डिस्ट्रिक्ट केंद्र, साकेत, नई दिल्ली- 110017 में स्थित है।

**2. इंड एएस के अंतर्गत महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां**

**(i) तैयारी का आधार**

(क) अनुपालन रिपोर्ट

दिनांक 31 मार्च 2019 को और हेतु समाप्त वर्ष के लिए कंपनी ने वित्तीय विवरणों को भारत में कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) संशोधन नियम, 2016 तथा कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक नियम, 2015 के नियम 3 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 133 के अंतर्गत यथाअधिसूचित लेखांकन मानकों (इंड एएस) के अनुसार तैयार किए हैं।

(ख) **मापन का आधार**

वित्तीय विवरणों को निम्नलिखित स्थितियों को छोड़कर ऐतिहासिक लागत अभिसमय और संचित आधार पर तैयार किया गया है:-

i. निर्धारित लाभ योजना और अन्य दीर्घकालीन कर्मचारी लाभ।

ii. कतिपय वित्तीय परिसंपत्तियों और देयताओंको उचित मूल्य पर मापा गया है।

iii. पैरा (**x**)(घ) के अनुसार प्रावधान**,** जहां राशि समय मूल्य हैं है तथ्यात्म है।

(ग) **अनुमानों और निर्णय का प्रयोग**

**वित्तीय विवरणों को इंड एएस के अनुरूप तैयार किए जाने के लिए प्रबंधन को ऐसे निर्णय, अनुमान तथा संभावनाएं प्रस्तुत करने की आवश्यकता है जो लेखांकन नीतियों के अनुप्रयोग तथा वित्तीय विवरणों की तिथि को परिसंपत्तियों, देयताओं, की रिपोर्टिंग राशि तथा आकस्मिक परिसंपत्तियों और देयताओं के अनुप्रयोग को प्रभावित करे। वास्तविक परिणाम उनके अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं।**

**प्रमुख लेखांकन अनुमान**

**आस्थगित कर परिसंपत्तियों की स्वीकृति** - किस स्तर तक आस्थगित कर को स्वीकृति प्रदान की जा सकता है, यह भविष्य की कर योग्य आय की सम्भावना के आकलन पर आधारित है, जिसके प्रति आस्थगित कर परिसंपत्तियों का उपयोग किया जा सकता है।

**प्रावधान** - प्रबंधन निर्णय, तथ्यों और विधिक पहलुओं में परिवर्तन के आधार पर प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को, कंपनी बकाया आकस्मिक देनदारियों के प्रति प्रावधानों की आवश्यकता का आकलन करती है। हालाँकि, वास्तविक भविष्य के परिणाम इस निर्णय से भिन्न हो सकते हैं।

**राजस्व**-कंपनी निष्पादन दायित्व की पूर्ण संतुष्टि के लिए अपनी प्रगति का यथोचित आकलन करने के पश्चात समय के साथ संतोषजनक निष्पादन दायित्व के लिए राजस्व को चिह्नित करती है।

राजस्व की मान्यता के लिए कार्यक्षेत्र के परिवर्तनों, दावों (क्षतिपूर्ति, छूट आदि) पर किए जाने वाले आकलन और निर्णयों की आवश्यकता होती है और अन्य भुगतानों की सीमा तक निष्पादन दायित्व को संतुष्ट करते हैं और वे संभावित हैं और उचित रूप से

मापा जा सकने में सक्षम हैं। दावों के लिए अनुमान लगाने के उद्देश्य से, कंपनी ने उपलब्ध संविदात्मक और ऐतिहासिक जानकारी का उपयोग किया है।

**संपत्ति, संयंत्र और उपकरण**- संपत्ति, संयंत्र और उपकरण कंपनी के परिसंपत्ति आधार के एक महत्वपूर्ण अनुपात का प्रतिनिधित्व करते हैं। आवधिक मूल्यह्रास के संबंध में प्रभारित किसी संपत्ति के अपेक्षित उपयोगी जीवन के अनुमान और यह उसके जीवन के अंत में अपेक्षित अवशिष्ट मूल्य निर्धारित करने के पश्चात प्राप्त होता है। इन अनुमानों में अनिश्चितता तकनीकी और आर्थिक अप्रचलन से संबंधित है, जो परिसंपत्तियों की उपयोगिता को परिवर्तित कर सकती है।

**प्राक्कलनों और अंतर्निहित पूर्वानुमानों की समीक्षा आवधिक रूप से की जाती है। इन अनुमानों में परिवर्तनों और उक्त परिणामों व इस अवधि के लिए स्वीकृत अनुमानों, जिसमें परिणाम ज्ञात/सामग्रीगत होते हैं, के बीच अंतरों के कारण भावी परिणाम भिन्न हो सकते हैं।**

**सभी वित्तीय सूचवनाओं को भारतीय रूपए में प्रस्तुत किया गया है और सभी मूल्यों कों दो दशम्लव तक निकटत करोड़ रूपए में राउंड ऑफ किया गया है, केवल वहां छोडकर जहां अन्यथा** उल्लिखित हो।

### (ii) रोकड़ प्रवाह विवरण

रोकड़ प्रवाह विवरण को अप्रत्यक्ष विधि का प्रयोग करते हुए प्रस्तुत किया जाता है, जिसके द्वारा गैर–रोकड़ प्रकृति के संव्यवहारों तथा भावी रोकड़ प्राप्तियों या भुगतानों के किसी आस्थगित या बीमांकक के संव्यवहारों को प्रभावित करने से पूर्व लाभ/(हानि को) समायोजित किया जाता है। कंपनी के प्रचालन, निवेश तथा वित्तीय गतिविधियों को उपलब्ध सूचना के आधार पर पृथक किया जाता है।

### (iii) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण

(1) फ्रीहोल्ड भूमि को ऐतिहासिक लागत पर वहन किया जाता है। संपत्ति, संयंत्र और उपकरण को लागत घटा संचित मूल्यह्रास तथा गैर वसूली योग्य घाटों, यदि कोई हो, पर मापा जाएगा।

(2) मशीनरी कलपुर्जे जिनका प्रयोग केवल संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के संबंध में हो सकता है और ऐसी संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के शेष जीवनकाल पर इनका प्रयोग अनियमित और पूंजीकृत तथा मूल्यह्रासित/परिशोधित किए जाने की संभावना हो।

(3) परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरण से संबंधित अनुवर्ती लागत को परिसंपत्ति के रूप में स्वीकार किया जाता है यदि,:

क. यह संभावित हो कि उस मद से संबंधित भावी आर्थिक लाभ निकाय को प्राप्त होंगे, और

ख. उक्त मद की लागत को विश्वसनीय रूप से मापा जा सकेगा।

(4) परिसंपत्ति की लागत में निम्नलिखित शामिल हैं:

i. परिसंपत्तियों के अधिग्रहण पर प्रत्यक्ष रूप से आरोपित लागत।

ii. निर्माण अवधि के दौरान आकस्मिक व्यय को उस स्तर तक निर्माण की प्रत्यक्ष लागत के रूप में पूंजीकृत किया जाएगा जिस स्तर पर वह निर्माण या इसकी आकस्मिकता से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित है।

iii. वस्तुओं को उस स्थल से विखंडित करने और हटाने की अनुमानित लागत का वर्तमान मूल्य, यदि स्वीकृति मापदंड को पूरा किया जाए।

(5) प्रतिस्थापन की लागत, प्रमुख निरीक्षण, महत्वपूर्ण कलपूर्जों की मरम्मत तथा दीर्घकालीन निर्माण परियोजनाओं की ऋण लागत को पूंजीकृत किया गया है, यदि स्वीकृति मापदंड को पूरा किया जाए।

(6) संपत्ति, संयंत्र तथा उपकरण की कोई मद और कोई महत्वपूर्ण भाग जिसे आरंभिक रूप में स्वीकार किया गया है, को उसके निपटान या जब उसके प्रयोग या निपटान से कोई भावी आर्थिक लाभ प्राप्त होने की संभावना न हो, पर उसे अस्वीकार किया गया है। परिसंपत्ति को अस्वीकार करने पर उत्पन्न कोई लाभ या हानि (निवल निपटान राशि और परिसंपत्ति की वहन राशि के बीच के अंतर के रूप में परिकलित) को आयकर में शामिल किया गया है।

(7) प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को बकाया संपत्ति, संयंत्र तथा उपकरण के अधिग्रहण के प्रति प्रदत्त राशियां और उन संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की लागत, जो उस तिथि से पूर्व वांछित प्रयोग के लिए तैयार नहीं है, को प्रगतिरत पूंजीगत कार्यों के अंतर्गत प्रकट किया जाएगा। वाणिज्यिक प्रचालन आरंभ होने से पूर्व परियोजनाओं के प्रति प्रत्यक्ष व्यय को परियोजना विकास व्यय के रूप में देखा जाएगा और उन्हें प्रगतिरत पूंजीगत कार्यों के अंतर्गत दर्शाया जाएगा।

## मूल्यह्रास एवं परिशोधन

क. परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरण पर मूल्यह्रास को कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची ।। में विनिर्दिष्ट अनुसार परिसंपत्ति के उपयोगी जीवनकाल पर सीधी रेखा आधार (एमएलएम) पर प्रावधान किया गया है।

ख. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की मद के प्रत्येक भाग को पृथक रूप से मूल्यह्रासित किया जात है। यदि उस भाग का मूल्य मद की कुल लागत के सापेक्ष में महत्वपूर्ण भाग है और उस भाग का उपयोगी जीवन अन्य शेष परिसंपत्ति के उपयोगी जीवन से भिन्न है।

ग. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की महत्वपूर्ण मदों की चालू अवधि के लिए परिसंपत्ति का अनुमानित उपयोगी जीवनकाल निम्नानुसार हैः

| **विवरण** | **उपयोगी जीवनकाल (वर्ष)** |
|---|---|
| भवन/फ़्लैट : आवासीय/गैर आवासीय | 60 |
| संयंत्र और मशीनरी | 8–5 |
| सर्वेक्षण उपकरण | 10 |
| कम्प्यूटर | 3–6 |
| कार्यालय उपकरण | 5 |
| फर्नीचर एवं फिक्सचर | 10 |
| कारवांग, कैंप और अस्थायी शेड | 3–5 |
| वाहन | 8–10 |

ध. पट्ट वाली भूमि तथा उसमें परिशोधनों को उनके अनुमानित उपयोगी जीवनकाल और पट्टा अवधि पर परिशोधित किया जाएगा।

ड. मूल्यह्रास अवधियों, उपयोगी जीवनकाल और शेष मूल्यों की समीक्षा तथा भावी समायोजन, यदि उपयुक्त हो, प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को की जाएगी। सामान्य रूप से परिसम्पत्ति का शेष मूल्य कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची–।। में विनिर्दिष्ट अनुसार परिसंपत्ति के मूल लागत के 5 प्रतिशत तक होगा।

च. वर्ष के दौरान अधिग्रहित सम्पति संयंत्र और उपकरण, जिनकी लागत पृथक रूप से 5000 रूपए तक है, को चिह्नन के लिए 1 रूपए के सांकेतिक मूल्य पर मूल्यह्रासित किया जाएगा। तथापि, कर्मचारियों को उपलब्ध कराए गए मोबाईल फोन को राजस्व में प्रभारित किया जाता है, चाहे उसका मूल्य कुछ भी हो।

## (iv) अमूर्त परिसंपत्तियां

अमूर्त परिसंपत्तियों को तब स्वीकार किया जाता है जब यह संभावना हो कि परिसंपत्ति से संबंधित भावी आर्थिक लाभ निकाय को प्राप्त होंगे, और उक्त मद की लागत को विश्वसनीय रूप से मापा जा सकेगा। अमूर्त परिसंपत्तियों को ऐतिहासिक लागत घटा संचित परिशोधन एवं संभावित हानि, यदि कोई हो पर वर्णित किया जाता है।

### अमूर्त परिसंपत्तियों का परिशोधन

क. अमूर्त परिसंपत्तियों को उपयोग के लिए उनके उपलब्ध होने की तिथि से सीधी रेखा आधार पर उनके संबंधित उपयोगी जीवनकाल पर परिशोधित किया जाएगा।

ख. अमूर्त परिसंपत्तियों का अनुमानित उपयोगी जीवनकालः

| अमूर्त परिसंपत्तियां | उपयोगी जीवनकाल | स्वःसृजित/अधिग्रहित |
|---|---|---|
| पट्टा अधिकार | 36 माह | अधिग्रहित |

ख. परिशोधन विधि, उपयोगी जीवनकाल और शेष मूल्यों की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को की जाएगी।

ग. प्रत्येक मामले में 1 लाख रूपए की साफ्टवेयर लागत को चिह्नन के लिए 1 रूपए के सांकेतिक मूल्य रखते हुए क्रय के वर्ष में पूर्णत परिशोधित किया जाएगा।

## (v) मालसूचियां

### क) प्रगतिरत निर्माण कार्य

प्रगतिरत निर्माण कार्य का मूल्य लागत पर निकाला जाता है, तब तक कार्य के आउटकम को विश्वसनियता के साथ तथा विश्वसनीय मूल्य पर सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है। साइट मोबलाइजेशन व्यय को बट्टे खाते के स्तर तक लागत पर ही मूल्यित किया जाता है।

### ख) अन्य

i) लागत लाभ ठेकों में, सभी सामग्रियों, स्पेयर्स और शंडारों जो संविदा की शर्तों के अनुसार पुनर्भुगतान योग्य नहीं है उन्हें नीचे (iii) के अनुसार दर सूची मूल्य के रूप में दर्शाया गया है।

ii) मद दर और एकमुश्त टर्नकी संविदाओं के संबंध में, सभी सामग्रियों (पूंजीकृत को छोड़कर) के उपयोग को वर्ष लाभ और हानि लेखा को प्रशरित किया जाता है।

iii) मालसूचियों का मूल्यांकन प्रथम आवक प्रथम जावक (एफआईएफओ) आधार पर और वसूलनीय मूल्य, जो भी कम हो, पर किया जाता है।

iv) अबद्ध औजारों को क्रय वर्ष में प्रभारित किया जाता है।

## (vi) रोकड़ एवं बैंक अधिशेष

तुलन पत्र में रोकड़ और रोकड़ समतुल्य में शामिल हैं बैंक में नकद, उपलब्ध नकद, तीन महीने या कमी की मूल परिवक्वता वाले बैंकों के अन्य अल्पकालीन जमा राशियां, जो मूल्य में परिवर्तन तथा बैंक ओवरड्रफ्ट के अपर्याप्त जोखिम के मद्देनजर हैं

रोकड़ प्रवाह विवरण के उद्देश्य से रोकड़ व रोकड़ समानान्तर में रोकड़, अल्पकालीन बैंक जमा राशियां आदि शामिल हैं जैसाकि ऊपर परिशषित किया गया है तथा बकार्यों बैंक ओवरड्राफ्ट का निवल परिभाषितानुसार रोकड़ तथा बैंक शेष, बैंक ओवरड्राफ्ट का योग शामिल होता है।

## (vii) प्रावधान

### क. अनुरक्षण के लिए प्रावधान

i) लागत जमा निविदा में, जहां लागत प्रतिपूर्तियोग्य हो वहां अनुरक्षण के लिए प्रावधान की आवश्यकता नहीं है।

ii) संविदागत बाध्यताओं को ध्यान में रखते हुए मद दर और एकमुश्त टर्नकी ठेकों के मामलों में समूह का उत्तरदायित्व पूरा करने के लिए अनुरक्षण का प्रावधान किया जाता है जिसमें संविदागत बाध्यता, उप ठेकेदारों की बाध्यता, प्रचालन आवर्त और अन्य संगत कारकों को ध्यान में रखा जाता है।

iii) प्रत्येक वित्त वर्ष के अंत में प्रत्येक आंकलित संविदा में प्रबंधन के जोखिम अनुमान के आधार पर अभिकल्प गारंटी अवधि के दौरान अनिश्चित व्यय के लिए प्रावधान किया जाता है। तथापि, यह न्यूनतम 50 लाख रूपए तथा अधिकतम ग्राहक के साथ संविदा करार में विनिर्दिष्ट अभिकल्प गारंटी की राशि के बराबर होगा।

### ख) डीमोबिलाइजेशन के लिए प्रावधान

विदेशी परियोजनाओं में श्रमशक्ति तथा संयंत्र व उपकरण के विनियोजन पर होने वाले व्ययों को वहन करने के लिए विनियोजन का प्रावधान रखा गया है।

**ग) अन्य**

प्रावधान किए जाते हैं जब :–

i) पूर्ववर्ती घटना के परिणामों के रूप में समूह का वर्तमान दायित्व स्थापित हो,

ii) दायित्व के निपटान के लिए संसाधनों के निर्गमन की संभावना हो, और

iii) दायित्व की राशि का विश्वसनीय अनुमान लगाया जा सके।

जब एक प्रावधान को प्रति संविदा प्रावधान के रूप में स्थापित कर लिया जाता है, या जब यह निश्चित रूप से सुनिश्चित हो जाता है कि धन वापसी प्राप्त हो जाएगी, अपेक्षित व्यय निपटान के लिए धन वापसी का प्रावधान किया जाता है।

**घ) प्रावधानों का खंडन**

उपर्युक्त बिंदु क, ख तथा ग में स्वीकृत प्रावधान, जिनकी 12 महीनों से अधिक की अवधि में निपटान होने की संभावना है, को प्रिटैक्स रियायत दर का प्रयोग करके वर्तमान मूल्य पर मापित किया गया है जो देयाता के प्रति विशिष्ट जोखिमों को दर्शाते हैं। समय के साथ प्रावधान में वृद्धि को ब्याज व्ययों के रूप में स्वीकार किया गया है।

**ड. अलाभप्रद संविदा**

संविदा जिसमें संविदा के अंतर्गत दायित्वों को पूरा करने वाली अपरिहार्य लागतें इससे प्राप्त होने वाले संभावित लाभ से अधिक हो जाती हैं, को अलाभप्रद संविदा कहते हैं और ऐसी संविदाओं के अंतर्गत प्रस्तुत दायित्वों को प्रावधान के रूप में स्वीकार और मापा जाता है।

**(viii) राजस्व मान्यता**

**(क) सेवा रियायत करार**

कंपनी इंड एएसः115 : ग्राहाकों के साथ संविदा से राजस्व के अनुसार निर्माण से राजस्व को स्वीकार करती है और मापती है तथा सेवाओं का स्तरोन्नयन करती है!

**कंपनी द्वारा प्राप्य या प्राप्त की जाने वाली सहमति वित्तीय परिसंपत्ति का अधिकार है। कंपनी एक वित्तीय परिसंपत्ति को इस स्तर तक स्वीकार करती है कि उसे निर्माण**

सेवाओं के लिए अनुदानकर्ता ("एनएचएआई") के निदेश पर नकद या अन्य वित्तीय परिसंपत्ति प्राप्त करने का बिना शर्त संविदात्मक अधिकार है, अनुदान देने वाले के पास यदि कोई हो, तो भुगतान से बचने के लिए विवेक आमतौर पर क्योंकि समझौता कानून द्वारा लागू करने योग्य होता है।

कंपनी को अशर्त नकद प्राप्त करने का अधिकार है क्योंकि अनुदानकर्ता कंपनी को निर्दिष्ट या निर्धारित मात्रा का भुगतान करने की गारंटी देता है, भले ही भुगतान कंपनी पर निर्भर हो, यह सुनिश्चित करने के लिए कि आधारभूत अवसंरचना ढांचा निर्दिष्ट गुणवत्ता या दक्षता आवश्यकताओं को पूरा करता है।

संविदा राजस्व को उससमय मान्यता दी जाती है जब कंपनी अनुदानकर्ता को आश्वस्त सेवा स्थानांतरित करके निष्पादन दायित्व को संतुष्ट करती है। कंपनी का निष्पादन ऐसी परिसंपत्ति का सृजन/संवर्धन करती है जो गारंटर के नियंत्रण में हैं। चूंकि परिसंपत्ति का सृजन या संवर्धन किया गया है इसलिए कंपनी समय के साथ कार्यष्पिादन दायित्वों को संतुष्ट करने पर इस नियसंत्रण को अंतरित करती है।

कंपनी समय के साथ संतुष्ट निष्पादन दायित्व के लिए राजस्व की स्वीकृति तब करती है यदि यह निष्पादन दायित्व की पूर्ण संतुष्टि पर इसकी प्रगति को युक्तिसंगत स्तर पर मापा जा सके। हालांकि, जहां कंपनी यथोचित निष्पादन दायित्व के परिणाम को मापने में सक्षम नहीं है, लेकिन कंपनी को आशा है निष्पादन दायित्व को संतुष्ट करने में आने वाली लागतों की वसूली के लिए कंपनी राजस्व को केवल उस समय तक किए गए लागतों की सीमा तक स्वीकार करेगी, जबतक कि वह प्रदर्शन दायित्व के परिणाम को यथोचित रूप से माप नहीं सकती।

निष्पादन दायित्व को लागू इनपुट पद्धति पर मापा जाता है। इनपुट पद्धतियां कंपनी के प्रयासों या उस निष्पादन दायित्व की संतुष्टि के लिए कुल अपेक्षित इनपुट के सापेक्ष निष्पादन दायित्व की संतुष्टि के आधार पर राजस्व को स्वीकार करती है। यदि कंपनी के प्रयासों या इनपुट को पूर्ण निष्पादन अवधि में समान रूप से खर्च किया जाता है तो कंपनी सीधे आधार पर राजस्व को स्वीकार करती है। निष्पादन दायित्वों से उत्पन्न होने वाली देरी के कारण अपेक्षित इनपुट को तरल क्षति/दंड (एलडी) के लिए समायोजित किया जाता है।

उन संविदाओं में जहां निष्पादन दायित्व को इनपुट विधि द्वारा नहीं मापा जा सकता है वहां कंपनी आउटपुट पद्धति को लागू करती है जो ईमानदारी से निकाय के निष्पादन दायित्व की पूर्ण संतुष्टि को दर्शाती है।

राजस्व को उस संव्यवहार मूल्य पर मापा जाता है जिसे निष्पादन दायित्व के लिए आवंटित किया गया है। संव्यवहार का मूल्य वह राशि है जिसके लिए कंपनी को उम्मीद है कि अनुदानकर्ता को प्रस्तावित सेवा के स्थानांतरित के स्थान पर हकदार प्राप्त होगा। विलिंब/दंड हेतु क्षतिपूर्ति, मूल्यसंवर्धन और बोनस में हानि के लिए प्रबंधन को द्वारा मूल्यांकन किया जाता है और इसे केवल इस सीमा तक समायोजित किया जाता है कि यह अत्यधिक संभावना हो कि स्वीकृत राजस्व की मात्रा में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं होगा।

संविदा के निर्धारण के पश्चात, संविदा मूल्य में कई कारणों से परिवर्तन हो सकता हैए जिसमें अनिश्चित घटनाओं के समाधान या परिस्थितियों में अन्य परिवर्तन शामिल हैं जो उस विचार की मात्रा को बदलते हैं जिसके लिए कंपनी को आश्वस्त सामान या सेवाओं के स्थान पर हकदार होने की आशा है। कंपनी संविदा के अंतरण के दौरान उसी आधार पर लेनदेन के मूल्य में किसी भी परिवर्तन के कारण संविदा के निष्पादन दायित्वों को आवंटित किया जाता है। इसके परिणामस्वरूप एक संतुष्ट निष्पादन दायित्व के लिए आवंटित राशि को राजस्व के रूप में या राजस्व की कमी के रूप में स्वीकार किया जाता है, जिस अवधि में लेनदेन में परिवर्तन हुआ है।

कंपनी निम्नलिखित शर्तों की संतुष्टि पर पृथक संविदा के रूप में संविदा अनुबंध संशोधन लेखांकन करती है:

क. संविदा का कार्यक्षेत्र बढ़ जाता है क्योंकि प्रस्तावित वस्तुओं या सेवाओं के जोड़ अलग-अलग होते हैं अर्थात ग्राहक को माल या सेवाओं का लाभ स्वयं या अन्य संसाधनों के साथ मिल सकता है जो ग्राहक को आसानी से उपलब्ध हैं (माल या सेवा विशिष्ट होने में सक्षम) और ग्राहक को माल या सेवा हस्तांतरित करने के लिए कंपनी का आश्वासन संविदा में अन्य आश्वासनों से अलग पहचाना जा सकता है (माल या सेवा अनुबंध के संदर्भ में अलग है)।

ख. संविदा का मूल्य वसूलीयोग्य राशि के साथ बढ जाता है जो कंपनी के स्टैंडएलोन अतिरिक्त मूल्य वाले सामान या सेवाओं की बिक्री की कीमतों को दर्शाती है और विशेष

संविदा परिस्थितियों को दर्शाने के लिए उस मूल्य हेतु किसी भी उपयुक्त समायोजन को दर्शाती है।

यदि संविदा को पृथक संविदा के रूप में लेखांकित नहीं जाता है तो आश्वस्त सामान या सेवाओं के लिए कंपनी का खाता अभी तक अनुबंध संशोधन की तारीख (यानी शेष वादा किए गए सामान या सेवाओं) में स्थानांतरित नहीं होता है। विचार की राशि फिर से निर्धारित की जाती है

**ख. अन्य राजस्व स्वीकृति**

(i) ब्याज आय को प्रभावी ब्यात दर विधि का प्रयोग करके स्वीकार किया जाता है।

(ix) **पट्टा**

**(क) पट्टेदार के रूप में कंपनी**

वित्तीय पट्टाः–

(i) जो व्यापक स्तर पर सभी जोखिमों और प्रतिफलों को आकस्मिक रूप से परिसंपत्ति के स्वामित्व पर हस्तांतरित करता है।

(ii) जो न्यूनतम पट्टा भुगतान के उचित मूल्य या वर्तमान मूल्य के निम्नतर पर पट्टा आरंभ पर पूंजीकृत किया जाता है।

(iii) भुगतानों को वित्तीय प्रभारों और पट्टा देयता में कमी के बीच विभाजित किया जाता है ताकि देयता की शेष राशि पर ब्याज की स्थिर दर प्राप्त की जा सके।

(iv) वित्तीय प्रभारों को लाभ और हानि विवरण में वित्तीय लागतों पर स्वीकार किया गया है।

(v) परिसंपत्ति के उपयोगी जीवन पर मूल्यह्रासित। तथापि, यदि पट्टा अवधि के अंत तक स्वामित्व प्राप्त करने की कोई युक्तिसंगत निश्चितता नहीं है तो, परिसंपत्ति को अनुमानित उपयोगी जीवनकाल और पट्टा अवधि में से कम अवधि पर मूल्यह्रासित किया जाता है।

**प्रचालन पट्टाः–**

(i) पट्टे को प्रचालन पट्टे के रूप में वर्गीकृत किया जाता है जब जोखिम और प्रतिफलों के प्रमुख भाग को कंपनी पर अंतरित नहीं किया जाता है।

(ii) आय को पट्टा अवधि के स्थान पर सीधी रेखा आधार पर लाभ और हानि विवरण में आय के रूप में स्वीकार किया गया है केवल उन स्थानों को छोड़कर जहां पट्टा भुगतान संभावित सामान्य मुद्रास्फीति की तर्ज पर वृद्धि

के लिए निर्धारित हो ताकि संभावित स्फीतिकारी लागत वृद्धि के लिए क्षतिपूर्ति की जा सके।

**ख) कंपनी के रूप में पट्टादाता**

वित्तीय पट्टाः

(i) इसे तब मान्यता प्रदान की जाती है जब स्वामित्व के सभी जोखिम और प्रतिफल कंपनी से पट्टादाता को हस्तांतरित होते हैं।

(ii) देय भुगतान को पट्टों में कंपनी के निवेल निवेश पर प्राप्य के रूप में रिकार्ड किया जाता है। वित्तीय पट्टा आय को लंखांकन अवधि में आवंटित किया जाता है ताकि इस पट्ट के संबंध में स्थिर निवल बकाया निवेश पर प्रतिफल की दर को प्रदर्शित किया जा सके।

**प्रचालन पट्टा :**

(i) वे पट्टे हैं जिसमें कंपनी स्वामित्व के सभी जोखिमों और प्रतिफलों को व्यापक रूप से पट्टादाता को हस्तांतरित नहीं करती है

**(ii)** कार्य को पट्टा अवधि पर सीधी–रेखा आधार पर लाभ और हानि विवरण में आय के रूप में स्वीकार किया जाता है केवल उस स्थिति को छोड़कर जहां पट्टा भुगतान को संभावित मुद्रास्फीति लागत वृद्धि के लिए क्षतिपूर्ति हेतु संभावित सामान्य वृद्धि की तर्ज पर बढाने के लिए निर्धारित किया जाता है।

## (x) गैर वित्तीय परिसंपत्तियों की क्षति

किसी परिसंपत्ति को क्षतिपूर्ण तब माना जाता है जब उक्त परिसंपत्ति का वसूलनीय मूल्य परिसंपत्ति की वहन लागत से अधिक हो जाता है और इंपेयर्ड हानि को उस वर्ष के लाभ हानि खाते में लेखांकित किया जाता है, जिसमें परिसंपत्ति को क्षति के रूप में पहचाना गया है। कंपनी प्रत्येक रिपार्टिंग तिथि पर क्षतिपूर्ण घाटे की अनुमानित राशि का आकलन करती है। पूर्व लेखांकन अवधि में लेखांकित इंपेयर्ड क्षति को रिवर्स किया जाता है यदि वसूलीयोग्य राशि के अनुमान में परिवर्तन होता है और ऐसी हानियां अब विद्यमान नहीं हैं या कम हो गई हैं। व्युत्क्रम या आंशिक हानियों को लाभ व हानि विवरण में लेखांकित किया जाएगा। हानि का आकलन करने के प्रयोजन से, परिसिंपत्तियां जिनका व्यक्तिगत रूप से परीक्षण नहीं किया जा सकता है उन्हें परिसंपत्तियों के छोटे समूहों के रूप में समूहित किया जाता है जो निरंतर प्रयोग द्वारा रोकड प्रवाह सत्रजित करते हैं जो मुख्य रूप से अन्य परिसंपत्तियों या परिसंपत्तियों के समूहों/रोकड सृजित इकाइयों से होने वाले रोकड प्रवाहों से स्वतंत्र होते हैं!

(xi) **उधार लागतें**

सामान्य व्यवसाय प्रक्रिया में उधार लागतों को व्यय के रूप में प्राभारित किया जाता है, जिस अवधि में वे व्यय किए गए हैं। अधिग्रहण, अर्हक परिसंपत्ति के निर्माण या उत्पादन से प्रत्यक्ष रूप से होने वाली उधार लागत को वाणिज्यिक प्रचालनों के आरंभ होने तक ऐसी परिसंपत्तियों की लागत के भाग के रूप में पूंजीकृत किया जाता है।

(xii) **कर्मचारी लाभ**

(क) अल्पकालीन कर्मचारी लाभ

प्रदान की गई सेवा के लिए भुगतान किए जाने वाले अनुमानित अल्पकालीन कर्मचारी लाभों को अरियायती राशि को उस अवधि का व्यय माना जाता है जिस अवधि में कर्मचारी ने सेवा प्रदान की है।

(ख) सेवापूर्व लाभ और अन्य दीर्घकालीन कर्मचारी लाभ

धारक कंपनी इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा सेवापूर्व लाभ और अन्य दीर्घकालीन कर्मचारी लाभ प्रदान किए जाते हैं जब कर्मचारी प्रतिनियक्ति पर होते हैं।

(xiii) **कर**

**चालू आयकर**

(i) चालू आय सहित करों की राशि का निर्धारण लागू कर दरों और कर कानूनों के अनुसार किया जाता है।

(ii) राशि के परिकलन के लिए प्रयेक्त कर दरें और कर कानून वे हैं जिन्हें उन देशों में रिपोर्टिंग तिथि को पारित या विशिष्ट रूप से पारित किया गया है जहां कंपनी प्रचालन कर रही है और करयोग्य आाय का सृजन हो रहा है।

(iii) चालू तथा पूर्व अवधियों के लिए चालू आयकर परिसंपत्तियों और देयताओं का आकलन वसूली की संभावित राशि या कर प्राधिकारियों को भुगतान की गई राशि पर किया जाता है। अतिरिक्त कर के लिए देयता, यदि कोई हो, का प्रावधान/भुगतान तक किया जाता है जब आकलन पूरे हो जाते हैं।

(iv) ओसीआई मदों के संबंध में चालू कर को अन्य वृहत आय में स्वीकृत किया जाता है।

**ख) आस्थगित कर**

(i) आस्थगित आय कर को आगामी तुलनपत्र का प्रयोग करते हुए स्वीकार किया जाता है।

(ii) आस्थगित आयकर परिसंपत्तियों और देयताओं को अस्थायी अंतर पर स्वीकार किया जाता है, जिसका परिकलन कर दरों और कर कानूनों के प्रयोग से किया जाता है जिन्हें रिपोर्टिंग तिथि को पारित या विशिष्ट रूप से पारित किया गया है।

(iii) आस्थगित आयकर परिसंपत्तियों को यथा संभव उस स्तर तक स्वीकार किया जाता है जहां करयोग्य लाभ उपलब्ध हो जिसके प्रति कटौतीयोग्य अस्थायी अंतरों, तथा अप्रयुक्त कर ऋणों और अप्रयुक्त कर घाटों के कैरीफार्वड को प्रयोग किया जा सके।

(iv) आस्थगित आयकर परिसंपत्तियों की प्रतिधारण राशि की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को की जाती है और उस स्तर तक इसे कम किया जाता है जहां यह संभावना न रहे कि उपयोग की जाने वाली आस्थगित आयकर परिसंपत्ति या उसका भाग उपयुक्त कर लाभ के लिए उपलब्ध होगा।

(v) ओआईसी मद से संबंधित आस्थगित कर को अन्य वृहत आय (ओसीआई) में स्वीकार किया जाता है।

## (xiv) प्रचालन सेगमेंट

प्रचालन सेगमेंट को इस रूप में रिपोर्ट किया जाता है जो मुख्य प्रचालन निर्णय निर्धारक को उपलब्ध आंतरिक रिपोर्टिंग के अनुसार हो। तदनुसार, कंपनी ने भौगोलिक स्थल के आधार पर एक प्रचालनिक रिपोर्टिंग सेगमेंटों की पहचान की है।

## (xv) प्रति शेयर आमदनी

प्रति शेयर मूल आमदनी निर्धारित करने के लिए, समूह इक्विटी शेयरधारकों के प्रति निवल लाभ पर विचार करता है। प्रति शेयर मूल आमदनी के परिकलन में प्रयुक्त शेयरों की संख्या उस अवधि के दौरान बकार्यों शेयरों की संख्या का औसत है। प्रति शेयर विलयित आमदनियों के निर्धारण के लिए, इक्विटी शेयरधारकों के प्रति निवल लाभ और इस अवधि के दौरान बकार्यों शेयरों की औसत संख्या को सभी विलयित संभावित इक्विटी शेयरों के प्रभाव के लिए समायोजित किया जाता है।

## (xvi) आकस्मिक देयताएं तथा आकस्मिक सम्पतियाँ

क. आकस्मिक देयताओं का प्रकटन निम्नलिखित किसी भी मामले में किया जाता है।

i. भूतपूर्व घटना से वर्तमान दायित्व उत्पन्न हों, जब यह संभव न हो कि दायित्व के निपटान के लिए संसाधनों के निर्गम की आवश्यकता हो; या

ii. वर्तमान दायित्व में विश्वसनीय अनुमान लगाना संभव न हों; या

iii. एक संभावित दायित्व में बशर्ते संसाधनों के निर्गम की संभावना न्यूनतम हो।

ख. आकस्मिक संपत्तियों की ना तो पहचान हो सके, ना ही प्रकटन।

ग. आकस्मिक देयताओं और आकस्मिक संपत्तियों की समीक्षा प्रत्येक तुलनपत्र तारीख को की जाती है।

ध. आकस्मिक देयता निपटान पर संभव आउटफ्लो को ध्यान मे रखते हुए निवल अनुमानित प्रावधान है।

## (xvii) उचित मूल्य मापन

कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को उचित मूल्य पर वित्तीय माध्यमों को मापती है। उचित मूल्य वह कीमत है जो परिसंपत्ति की बिक्री या देयता के अंतरण के लिए भुगतान हेतु मापन तिथि को बाजार भागीदारों के बीच व्यवस्थित संव्यवहार से प्राप्त होता है। उचित मूल्य मापन इस अनुमान पर आधारित है कि परिसंपत्ति की बिक्री या देयताओं के अंतरण का संव्यवहार इनमें से किसी रूप में निष्पादित होगाः

- परिसंपत्ति या देयता के लिए प्रमुख बाजार, या
- प्रमुख बाजार की अनुपस्थिति में, बाजार या देयता के लिए सर्वाधिक लाभपूर्ण बाजार।

प्रमुख या सर्वाधिक लाभपूर्ण बाजार कंपनी के लिए सुगम्य होना चाहिए। परिसंपत्ति या देयता के उचित मूल्य का मापन इस अनुमान के साथ किया जाता है कि बाजार भागीदार यह इसका प्रयोग परिसंपत्ति या दायित्व के मूल्य निर्धारण हेतु, इस अनुमान के साथ कि बाजार भागीदार अपने सर्वोत्तम आर्थिक हितों पर कार्य करेंगे। कंपनी उन मूल्यांकन तकनीकों का प्रयोग करती है जो उन परिस्थितियों में उपयुक्त होते हैं और जिसके लिए उचित मूल्य मापन हेतु पर्याप्त आंकड़े उपलब्ध हैं, जिससे संगत अवलोकनीय जानकारियों के अधिकतम प्रयोग और अनावश्यक जानकारियों के निम्नतम प्रयोग को संभव बनाया जा सके।

परिसंपत्तियां और देयताएं जिसके लिए वित्तीय विवरण में उचित मूल्य को मापा या प्रकट किया जाता है, को समग्र रूप से उचित मूल्य मापन के लिए महत्वपूर्ण निम्नतम स्तर के इनपुट के आधार पर निम्नानुसार वर्णित उचित मूल्य क्रम के भीतर श्रेणीबद्ध किया जाता है।

– स्तर 1 – कोट किया गया (समायोजित) समरूपी परिसंपत्तियों या देयताओं के लिए सक्रीय बाजारों में बाजार मूल्य।

– स्तर 2 – मूल्यांकन तकनीकें, जिनके लिए उचित मूल्य मापन हेतु महत्वपूर्ण निम्नतर स्तर इनपुट का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अवलोकन किया जाता है।

– स्तर 3 – मूल्यांकन तकनीकें, जिनके लिए एचित मूल्य मापन हेतु महत्वपूर्ण निम्नतर स्तर इनपुट गैर अवलोकन किया जाता है।

आवर्ती आधार पर वित्तीय विवरणों में स्वीकृत परिसंपत्तियों और देयताओं के लिए, कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में पुनःआंकलन श्रेणीकरण (निम्नतम स्तर के इनपुट के आधार पर जो समग्र रूप से उचित मूल्य मापन के लिए महत्वपूर्ण है) द्वारा निर्धारित करती है कि क्या इस पदक्रम के स्तरों के बीच अंतरण हुए हैं।

रिपोर्टिंग तिथि को, कंपनी परिसंपत्तियों और देयताओं के मूल्यों के संचलन का विश्लेषण करती है, जिसकी आवश्यकता लेखांकन नीतियों के अनुसार पुनःमापन या पुनःआकलन के लिए होती है। इस विश्लेषण के लिए, कंपनी संविदाओं और अन्य संगत अभिलेखों के मूल्यांकन परिकलन की सूचना से सहमत होकर अद्यतन मूल्यांकन में लागू प्रमुख इनपुटों को सत्यापित करती है।

कंपनी संगत बाहरी स्रोतों से प्रत्येक परिसंपत्ति और दायित्व के उचित मूल्य में परिवर्तन की तुलना भी करती है ताकि निर्धारित किया जा सके कि परिवर्तन युक्तिसंगत है।

उचित मूल्य प्रकटनों के प्रयोजन से, कंपनी परिसंपत्तियों या देयताओं की प्रकृति, विशेषताओं और जोखिमों तथा उपर्युक्त मूल्य क्रम के स्तर के आधार पर परिसंपत्तियों और देयताओं की श्रेणियों का निर्धारण करती है।

### (xviii) इक्विटी धारकों को लाभांश

प्रदत्त/देय लाभांश को उस वर्ष के लिए स्वीकार किया जाताा है, जिस वर्ष संबंधित लाभांशों को यथा उपयुक्त निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

### (xix) वित्तीय माध्यम

क. आरंभिक स्वीकृति और मापन

**वित्तीय माध्यमों को उचित मूल्य जमा या घटा संव्यवहार लागतों पर स्वीकृत किया जाता है जो प्रत्यक्ष रूप से वित्तीय माध्यमों के अधिग्रहण या जारी करने से संबंधित हैं।**

**ख.. अनुवर्ती मापन**

**ख1. वित्तीय परिसंपत्तियां**

वित्तीय परिसंपत्तियों को निम्नलिखित श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता हैः

**क. परिशोधित मूल्य पर ऋण माध्यम**

ऋण माध्यमों को परिशोधित लागत पर मापा जाएगा यदि निम्नलिखित दोनों शर्तें पूरी होती हैं:

i) वित्तीय परिसंपत्ति व्यवसाय मॉडल के भीतर ही धारित है जिसे परिसंपत्ति से संविदागत रोगड़ प्रवाह एकत्रित करने के उद्देश्य से धारित किया गया है और

ii) परिसंपत्ति की संविदागत शर्तें रोकड़ प्रवाह के लिए विशिष्ट तिथियों को निर्धारित करती हैं जो विशिष्ट रूप से बकार्यों मूल राशि पर मूल और ब्याज का भुगतान है।

ऐसी वित्तीय परिसंपत्तियों का मापन प्रभावी ब्याज दर विधि घटा हानि, यदि कोई हो, का प्रयोग करके परिशोधित लागत पर किया जाता है।

निम्नलिखित परिसंपत्तियों को परिशोधित मूल्य पर मापा जाता है:

i. व्यापार प्राप्य

ii. प्रतिभूति जमा राशि

iii. प्रतिधारण राशि

iv. ग्राहकों के पास धारित राशि

v. रोकड़ एवं रोकड़ समतुल्य

vi. ऋण एवं अग्रिम

vii. कर मुक्त बांडों में निवेश

**ख. अन्य वृहत आय के माध्यम से उचित मूल्य पर ऋण माध्यम (एफवीटीओसीआई)**

ऋण माध्यम को अन्य वृहत आय के माध्यम से उचित मूल्य पर वर्गीकृत किया जाता है यदि निम्नलिखित दोनों मापदंड पूरे होते हैं:

- व्यवसाय मॉडल का उद्देश्य संविदागत रोकड़ प्रवाहों को एकत्रित करके तथा वित्तीय परिसंपत्तियों के बेचकर दोनों माध्यमों द्वारा प्राप्त किया जाता है, और
- परिसंपत्ति की संविदागत शर्तें रोकड़ प्रवाह विशिष्ट रूप से मूल और ब्याज के भुगतान (एसपीपीआई) को प्रस्तुत करती हैं।

एफवीटीओसीआई श्रेणी के भीतर शामिल ऋण उपकरणों को उचित मूल्य पर आरंभिक स्तर पर तथा प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर मापा जाता है। उचित मूल्य संचलनों को अन्य वृहत आय (ओसीआई) में स्वीकार किया जाता है। तथापि, लाभ और हानि विवरण में कंपनी ब्याज आय, परिशोधित हानियों और प्रतिक्रमों तथा विदेशी विनिमय लाभ या हानि को स्वीकार करती है। परिसंपत्तियों को गैर–स्वीकार करने पर

ओसीआई में पूर्व में स्वीकृत संचित लाभ या हानि को लाभ और हानि विवरण में इक्विटी से पुनःवर्गीकृत किया जाता है। अर्जित ब्याज को ईआईआर विधि का प्रयोग करते हुए स्वीकार किया जाता है।

### ग. लाभ और हानि के माध्यम से उचित मूल्य (एफवीटीपीएल) पर ऋण माध्यम

एफवीटीपीएलप ऋण माध्यमों के लिए अवशिष्ट श्रेणी है। कोई भी ऋण माध्यम, जो परिशोधित लागत या एफवीओसीआई के रूप में श्रेणीकरण के मापदंड को पूरा नहीं करता है, को एफवीटीपीएल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, कंपनी ऋण माध्यमों को नामित करने के लिए चयन कर सकती है, जो अन्यथा एवीटीपीएल पर परिशोधित लागत या एफवीटीओसीआई मापदंड को पूरा करते हैं। ऐसा करने पर मापन या अस्थायी स्वीकृति कम होती है या समाप्त हो जाती है।

एफवीटीपीएल श्रेणी के अंतर्गत शामिल ऋण उपकरणों को लाभ और हानि विवरण में स्वीकृत सभी परिवर्तनों के साथ उचित मूल्य पर मापा जाता है।

### ख2. वित्तीय देयताएं

### क. परिशोधित लागत पर वित्तीय देयताएं

प्रभावी ब्याज दर विधि पर व्यापार तथा अन्य देयों, प्रतिभूति जमा राशियों और प्रतिधारण राशियों के रूप में परिशोधित लागत पर वित्तीय देयताओं को आरंभिक तौर पर उचित मूल्य पर और तत्पश्चात परिशोधित लागत पर प्रतिधारित किया जाता है

### ख. एफवीटीपीएल पर वित्तीय देयताएं

कंपनी  एफवीटीपीएल पर किसी वित्तीय परिसंपत्तियों को नामित नहीं करती है।

### ग. गैर–स्वीकार्यता

### वित्तीय परिसंपत्तियां

वित्तीय परिसंपत्ति (या, जहां लागू हो, वित्तीय परिसंपत्ति का भाग या समान वित्तीय परिसंपत्तियों के समूह का भाग) को केवल तभी गैर–स्वीकृत किया जाता है जब परिसंपत्ति से रोकड़ प्रवाह का संविदागत अधिकार समाप्त हो जाता है या वह व्यापक स्तर पर वित्तीय परिसपत्तियों को अंतरित करता है या परिसंपत्ति के स्वामित्व के सभी जोखिमों या लाभों को अंतरिक करता है।

### वित्तीय देयता

वित्तीय देयता को गैर–स्वीकृत तब किया जाता है जब देयता के अंतर्गत दायित्व का निर्वाहन हो जाता है या वह रद्द हो जाता है या समाप्त हो जाता है। जब व्यापक रूप

